卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 126 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦11 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# गैस एजेंसी स्वामी को दिनदहाड़े गोली से उड़ाया

## स्कूटी सवार हमलावरों ने दिया वारदात को,संपत्ति विवाद की आशंका

देहरादून (उद संवाददाता)। राजधानी देहरादून के सबसे व्यस्ततम इलाकों में शुमार तिब्बती मार्केट में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब स्कूटी सवार दो अज्ञात हमलावरों ने एक व्यक्ति को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 40 वर्षीय अर्जुन शर्मा के रूप में हुई है, जो मूल रूप से इंदिरा नगर, वसंत विहार के निवासी थे और जीएमएस रोड स्थित 'अमरदीप' गैस एजेंसी के स्वामी थे। अर्जुन शर्मा सेना के रिटायर्ड कर्नल के बेटे थे। इस दुस्साहसिक हत्याकांड के बाद शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अर्जुन शर्मा प्रतिदिन की तरह परेड ग्राउंड में टेनिस खेलकर घर लौट रहे थे। जैसे ही वह तिब्बती मार्केट के पास पहुंचे, घात लगाए बैठे दो बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने के बाद अर्जुन लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। गोली चलने की आवाज से बाजार में भगदड़ मच गई और हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल अर्जुन को तुरंत दून अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी देहरादून और आईजी गढ़वाल ने भारी पुलिस बल के साथ मौके का मुआयना किया। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में इस हत्याकांड के तार करोड़ों रुपये के पारिवारिक संपत्ति विवाद से जुड़े नजर आ रहे हैं। गढ़वाल आईजी राजीव स्वरूप के अनुसार, जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि मृतक अर्जुन शर्मा और उनके भाई का अपनी माँ के साथ व्यवसाय व संपत्ति को लेकर लंबा विवाद चल रहा था। विवाद इस हद तक था कि उनकी माता ने हाईकोर्ट से सुरक्षा की मांग करते हुए अपने ही बेटे से जान का खतरा बताया था। यह भी जानकारी मिली है (शेष पृष्ठ सात पर)



# भालू के हमले में ग्रामीण गंभीर

विकासनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों और मानव के बीच बढ़ता संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटना देहरादून जिले के दुर्गम क्षेत्र जौनसार बावर से सामने आई है, जहाँ त्यूणी तहसील के निमगा गांव में एक खूंखार भालू ने पशुपालक पर हमला कर उसे बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। भालू के इस हमले से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने वन विभाग से सुरक्षा की गुहार लगाई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, निमगा गांव निवासी जगत सिंह रावत मंगलवार को अपनी बकरियों को चराने के लिए पास के जंगल में गए थे। शाम के समय जब वे घर लौटने की तैयारी कर रहे थे, तभी झाड़ियों में छिपे भालू ने अचानक उन पर झपट्टा मार दिया। जगत सिंह के साथ मौजूद आकाश ने जब भालू को हमला करते देखा, तो उसने बिना डरे शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के (शेष पृष्ठ सात पर)




# कांवड़ मार्गों से मांस–मछली की दुकानें हटाने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व को देखते हुए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने शिवभक्त कांवड़ियों की आस्था और सुरक्षा के मद्देनजर नगर निगम प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। बुधवार को विहिप के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर विकास शर्मा को एक औपचारिक ज्ञापन सौंपकर कांवड़ यात्रा के मार्गों पर मांस, मछली और अंडे की दुकानों को पूर्णतः बंद कराने तथा मार्गों पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने का आग्रह किया। विहिप (शेष पृष्ठ सात पर)



# धामी कैबिनेट ने लिये छह अहम फैसले

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में छह महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। कैबिनेट ने श्रम, गृह, वन और कृषि विभाग से जुड़े कई संवेदनशील और विकासोन्मुखी निर्णयों को मंजूरी दी है। बैठक के सबसे बड़े फैसले के तहत श्रम विभाग से संबंधित 'पेमेंट ऑफ बोनस एक्ट 2020' को वापस लेने का निर्णय लिया गया है, जिससे अब प्रदेश के श्रमिकों को केंद्रीय कानून के तहत बोनस का लाभ मिल सकेगा। मंत्रिमंडल ने कोविड काल के दौरान लाए गए 'पेमेंट ऑफ बोनस एक्ट 2020' को वापस लेने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। तत्कालीन परिस्थितियों में उद्योगों को केवल सरप्लस (अतिरिक्त लाभ) होने पर ही बोनस देने का प्रावधान किया गया था। चूंकि यह संशोधन राष्ट्रपति भवन भेजा गया था लेकिन वहां से लंबित रहा, इसलिए सरकार ने अब इसे वापस लेने का फैसला किया है। इसके परिणाम स्वरूप अब प्रदेश में 1965 का मूल केंद्रीय कानून ही प्रभावी रहेगा, जिससे उद्योगों की लाभ की स्थिति की अनिवार्यता समाप्त हो जाएगी और मानक नियमों के तहत सभी पात्र कर्मचारियों को बोनस का लाभ मिलना सुनिश्चित होगा। प्रदेश के ईएसआई अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी दूर करने और चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मंत्रिमंडल ने 'उत्तराखंड एम्पलाई स्टेट सर्विस स्कीम 2026' को मंजूरी दे दी है। इसके तहत कुल 94 नए पदों का सृजन किया गया है। खास बात यह है कि अब तक मेडिकल ऑफिसर के पदों पर भर्ती तो होती थी, लेकिन पदोन्नति के पर्याप्त अवसर नहीं थे। नई नियमावली के तहत मेडिकल ऑफिसर के 76 (शेष पृष्ठ सात पर)



# कार और बाइक की भिड़ंत में युवती समेत तीन गंभीर

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। दिनेशपुर मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार के कहर ने तीन जिंदगियों को संकट में डाल दिया। टाटा मैजिक को ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित कार ने सामने से आ रही बाइक को भीषण टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवती समेत तीन लोग लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल पास के एक निजी अस्पताल पहुँचाया। घायलों (शेष पृष्ठ सात पर)





**आवश्यकता है**

रुद्रपुर स्थित एक प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के लिए टैली अकाउंटेंट, कैशियर, स्टोर मैनेजर आदि पदों पर युवक युवतियों एवं ड्राईवर की आवश्यकता है।
-:संपर्क करें:- 8433432291

# उधार सिगरेट न देने पर कैफे संचालिका से अभद्रता

## बीच-बचाव करने आए ग्राहकों पर भी जानलेवा हमला नशे में धुत युवकों ने महिला के फाड़े कपड़े, लोहे की रॉड से हमला कर ग्राहक का फोड़ा सिर

देहरादून (उद संवाददाता)। मांडूवाला–डूंगा रोड पर स्थित एक कैफे में देर रात शराब के नशे में धुत दबंगों ने जमकर तांडव मचाया। उधार में सिगरेट–तंबाकू देने से इन्कार करने पर गुस्साए युवकों ने न केवल महिला संचालक के साथ बदसलूकी कर उनके कपड़े फाड़ दिए, बल्कि बचाव में आए ग्राहकों पर भी जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एक ग्राहक के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। प्रेमनगर थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, मांडूवाला–डूंगा रोड पर कैफे चलाने वाली पीड़िता अंजली ने झाझरा चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि बीते 28 जनवरी की रात करीब 11 बजे वह अपने कैफे में कार्य कर रही थीं, तभी क्षेत्र के ही कुछ युवक कार से वहां पहुंचे और उधार में सिगरेट व तंबाकू की मांग करने लगे। जब संचालिका ने उधार देने से मना किया, तो आरोपी भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए महिला से हाथापाई की और उनके कपड़े फाड़ दिए।कैफे के बाहर मौजूद ग्राहकों ने जब महिला के साथ हो रही अभद्रता को रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उन पर भी हमला बोल दिया। आरोप है कि (शेष पृष्ठ सात पर)

## उत्तरांचल दर्पण की खबर का असर

# संपत्ति विवाद के दो मामलों को पुलिस ने तत्परता से निपटाया

## एसआई अर्जुन सिंह ने दोनों पक्षों को तलब कर बाकायदा किया संतुष्ट

काशीपुर। उत्तरांचल दर्पण समाचार पत्र में सप्ताह के भीतर संपत्ति विवाद के दो मामले प्रमुखता से प्रकाशित किए गए। खबर छपने के बाद मंडी चौकी प्रभारी अर्जुन सिंह ने दोनों ही मामलों का संज्ञान लेते हुए बड़ी ही सूझबूझ के साथ उपजे दोनों विवादों का निपटारा करा दिया। पुलिस की कार्यशैली क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी है। संपत्ति विवाद के दोनों मामलों में आरोपी मंडी चौकी क्षेत्र के ग्राम सरवरखेड़ा के रहने वाले हैं। संपत्ति विवाद के पहले मामले में सिरसमा गोड़, थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी हारून पुत्र यासीन ने पुलिस महानिदेशक, कुमायूं आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी उधम सिंह नगर को शिकायती पत्र भेजकर ग्राम सरवरखेड़ा निवासी अलीम नामक व्यक्ति पर वर्ष 2016 में मुरादाबाद रोड पर 2000 स्क्वायर फिट प्लॉट 700 रुपए प्रति स्क्वायर फिट की दर से 14 लाख का सौदा किया था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि 7 लाख रुपए देने के बावजूद उसे आज तक ना प्लॉट मिला और नहीं रुपए वापस मिले। रकम वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस की सूझबूझ से उक्त मामले में लगभग 10 वर्ष बाद पीड़ित पक्ष को न्याय की उम्मीद जगी। इसी तरह संपत्ति विवाद के एक अन्य मामले में उपरोक्त गांव निवासी अतीक नामक व्यक्ति पर शिवलालपुर अमर झंडा काशीपुर निवासी इरम पुत्री नवी हसन ने आरोप लगाया कि वर्ष 2019 में उसके पिता द्वारा मुरादाबाद रोड पर अतीक नामक व्यक्ति से एक दुकान का 15 लाख रूपयों में सौदा किया गया। युवती का आरोप है कि उसके पिता द्वारा सभी भुगतान ऑनलाइन व नगद के माध्यम से करने के बावजूद टिक नामक आरोपी ने ना तो दुकान का बैनामा किया और ना ही उसके पैसे लौटाए। संपत्ति विवाद का यह मामला भी उत्तरांचल दर्पण में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। खबर छपने के बाद मंडी पुलिस चौकी में तैनात ऐसा ही अर्जुन सिंह ने दोनों ही मामलों को गंभीरता से (शेष पृष्ठ सात पर)

# पैतृक संपत्ति पर मेरा ही स्वामित्व: मुकेश बत्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास स्थित पैतृक संपत्ति पर मेरा ही स्वामित्व है। यदि कोई अन्य व्यक्ति इस संपत्ति पर अपना अधिकार बताता है तो वह कानून के खिलाफ है। पत्रकार वार्ता में अपना पक्ष रखते हुए आवास विकास निवासी एवं पूर्व सैनिक मुकेश बत्रा ने कहा कि वह इस भवन पर लगे विद्युत मीटर का नियमित रूप से आनलाईन विद्युत भुगतान कर रहे है। इतना ही नही नगर निगम द्वारा इनके पक्ष में हाउस टैक्स भी अभिलेखों में दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी संपत्ति को लेकर जो आरोप लगाये जा रहे है वह पूर्णतः गलत एवं निराधार है। उन्होंने कहा कि विपक्षी द्वारा वर्ष 2024 में पावर आफ एटर्नी का दुरूपयोग किया गया जिसे (शेष पृष्ठ सात पर)



# बी-जी राम जी योजना के तहत मिलेगा 125 दिन का गारंटीशुदा रोजगार : जोशी

## ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने मनरेगा के नए स्वरूप की दी जानकारी

काशीपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को काशीपुर में आयोजित 'विकसित भारतख्ररोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' यानी वीबी-जी राम जी बिलख्र2025 पर आधारित महत्वपूर्ण कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों एवं स्थानीय लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर सरकार की ग्रामीण रोजगार नीति और भविष्य की योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की।कार्यशाला को संबोधित करते हुए ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा मनरेगा को समाप्त किए जाने की जो अफवाहें फैलाई जा रही हैं, वे पूरी तरह निराधार और भ्रामक हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में इस योजना को पहले से कहीं अधिक मजबूत और प्रभावी बनाया गया है। योजना के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 1989 में जवाहर रोजगार योजना से शुरू होकर समय-समय पर इसका स्वरूप और नाम परिवर्तित किया गया है, जिसका उद्देश्य हमेशा ग्रामीण विकास रहा है।मंत्री गणेश जोशी ने बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि अब नई




वीबी-जी राम जी योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 100 दिन के स्थान पर 125 दिन का गारंटीशुदा रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने वित्तीय ढांचे की जानकारी देते हुए कहा कि योजना में सामान्य राज्यों के लिए 60:40 तथा उत्तराखंड जैसे हिमालयी व पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 90:10 का केंद्र-राज्य वित्तीय अनुपात निर्धारित किया गया है। उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में रिटेनिंग वॉल (सुरक्षा दीवार) के निर्माण को भी अब अनुमन्य कार्यों की सूची में शामिल कर लिया गया है।कृषि प्रधान राज्य की जरूरतों का जिक्र करते हुए जोशी ने कहा कि खेती के व्यस्त सीजन को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार वर्ष में 60 दिन ऐसे निर्धारित कर सकेगी, जब योजना के तहत कार्य नहीं कराया जाएगा, ताकि किसानों को श्रमिक संकट न झेलना पड़े। योजना के तहत जल जीवन मिशन की परिसंपत्तियों के रखरखाव, जल संरक्षण, ग्रामीण बुनियादी ढांचे और आजीविका संवर्धन को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने बजट में भारी बढ़ोतरी करते हुए इसे 86 हजार करोड़ से बढ़ाकर 95,692 करोड़ रुपये कर दिया है। इस अवसर पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, राज्यमंत्री विनय रोहिला, राज्यमंत्री मंजीत राजू, मेयर दीपक बाली, जिलाध्यक्ष मनोज पाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

# क्षतिग्रस्त पुल से स्कूली बच्चों और राहगीरों की जान जोखिम में


दिनेशपुर/गदरपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दिनेशपुर-जाफरपुर मार्ग पर शिव मंदिर के पास स्थित पुल की जर्जर हालत स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए मौत का जाल बनी हुई है। श्मशान घाट के समीप स्थित यह पुल लंबे समय से मरम्मत की बाट जोह रहा है, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के चलते यहाँ कभी भी कोई बड़ी जनहानि हो सकती है। प्रतिदिन हजारों वाहनों और स्कूली बच्चों की आवाजाही वाले इस मार्ग पर पुल की बदहाली ने सरकार के विकास दावों पर सवालिया निशान लगा दिए हैं।कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री ममता हालदार ने जाफरपुर से दिनेशपुर कार्यालय जाते समय जब इस



पुल की भयावह स्थिति देखी, तो उन्होंने गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पुल के पिलर और ऊपरी हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे भारी वाहनों के गुजरते समय यहाँ अनहोनी का खतरा बना रहता है। विशेषकर छोटे स्कूली बच्चे इसी मार्ग से रोजाना गुजरते हैं, जिनकी सुरक्षा को लेकर विभाग पूरी तरह लापरवाह बना हुआ है। ममता हालदार ने प्रदेश की धामी सरकार और स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि किसी बड़े हादसे का इंतजार किए बिना तत्काल इस पुल का तकनीकी निरीक्षण कराकर युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य शुरू कराया जाए।स्थानीय निवासियों का कहना है कि बरसात के दिनों में पुल की स्थिति और भी नारकीय हो जाती है। लंबे समय से शिकायत के बावजूद लोक निर्माण विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पुल की मरम्मत नहीं की गई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान जनहानि की आशंका को देखते हुए जनता ने शासन से त्वरित संज्ञान लेने की पुरजोर मांग की है।

# बीएलओ और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर जुटाएं डेटा: हाजी कदीर

बाजपुर (उद संवाददाता)। ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को फेडरेशन के प्रदेश महामंत्री हाजी कदीर अहमद के ग्राम पंचायत रम्पुरा शाकर स्थित निवास पर संपन्न हुई। बैठक में उत्तराखंड में वर्तमान में चल रहे



'मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण' अभियान की समीक्षा की गई और आम मतदाताओं से चुनाव आयोग के इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से यह शिकायत सामने आई कि कई स्थानों पर बीएलओ घर-घर न जाकर केवल आंगनबाड़ी केंद्रों पर बैठकर कागजात जमा करने की बात कह रहे हैं। इस पर गंभीर संज्ञान लेते हुए प्रदेश महामंत्री हाजी कदीर अहमद ने सभी बीएलओ और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से अपील की कि वे अभियान के शेष बचे दिनों में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करें और आवश्यक दस्तावेज एकत्र करें, ताकि जानकारी के अभाव में कोई भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे। हाजी कदीर अहमद ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि एसआईआर को लेकर किसी को भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। यदि किसी मतदाता को ब्लॉक कार्यालय या ग्राम पंचायत स्तर पर जरूरी कागजातों के संबंध में कोई समस्या आ रही है, तो वे व्यक्तिगत रूप से या उनके मोबाइल नंबर 9837867786 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि फेडरेशन हर मतदाता की सहायता के लिए तत्पर है। बैठक में सुल्तानपुर पट्टी के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी मोहम्मद जान, शमशीर अहमद प्रधान, हाजी कय्यूम अली, पूर्व सभासद सादिक हुसैन, साबिर हुसैन, जाफर अली बरहैनी, शेरी प्रधान दियोहरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनवर अली और वक्फ बोर्ड सदस्य मुनव्वर अली सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# स्कूल बस की टक्कर से हुई मौतों के बाद पुलिस सख्त

नानकमत्ता। कोतवाली का चार्ज संभालने के साथ ही नई कोतवाल मंजू पांडे ने स्कूल बसों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम ने कई स्कूलों की बसों की चेकिंग कर व्यवस्थाओं को परखा। साथ ही उन्हें यातायात नियमों के पालन करने के निर्देश दिए। कोतवाली निरीक्षक मंजू पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिनों ग्राम प्रतापपुर नंबर 7 में नानकमत्ता के एक स्कूल की बस से टक्कर लगने से तीन युवकों की मौत हो गई थी,स्कूल बस की टक्कर से हुई तीन युवकों की मौत के मामले को लेकर उन्होंने गंभीरता से लिया है। स्कूल बसों में किस तरह की व्यवस्थाएं है, जिसको लेकर आज पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। एसआई सुनील कुमार द्वारा चेकिंग के दौरान क्षेत्र में विभिन्न स्कूलों की बसों की चेकिंग की गई। जिसमें स्कूल बसों में चालक के ड्राइविंग लाइसेंस,



मेडिकल किट, बसों में स्कूल के पते एवं मोबाइल नंबर को लेकर जांच की गई। कोतवाली निरीक्षक मंजू पांडे ने बताया कि जांच के दौरान अभी कोई खामियां नहीं पाई गई है, लेकिन स्कूल बस संचालकों को नियमों का पालन करने के लिए कहा गया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि स्कूल की बसों के द्वारा कोई भी नियमों का पालन नहीं किया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुर नंबर 7 में स्कूल बस की टक्कर से तीन युवक समेत एक बच्ची की मौत हो चुकी है। पिछले दिनों ही नानकमत्ता के गोशन पब्लिक स्कूल की बस की टक्कर से बाइक किनारे खड़े तीन युवक की टक्कर लगने से मौके पर मौत हो गई थी। जिसका मुकदमा रविवार को लिखा गया था। इससे पूर्व प्रतापपुर में प्रतापपुर के ही एक स्कूल की बस की टक्कर से अपनी बहन को छोड़ने आई दूसरी बहन की मौत बस के नीचे आने से हो गई थी। प्रतापपुर क्षेत्र में ही दो घटनाओं में चार तीन युवक व एक बच्चे की मौत से गांव के लोगों में काफी रोष था। क्षेत्र में कई स्कूलों की बसें बिना कोई मेडिकल किट व स्कूल का पूरा पता और बिना मोबाइल नंबर के बिना चल रही है।

# वाहन चेकिंग अभियान में दस चालान, दो वाहन सीज

गदरपुर। जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के क्रम में उप जिला अधिकारी रिचा सिंह के नेतृत्व में गदरपुर में पुलिस प्रशासन द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ओवरलोड वाहनों की जांच के साथ-साथ उनके समस्त प्रपत्रों, गति सीमा, हेलमेट आदि की भी बारीकी से जांच की गई। इस कार्रवाई के अंतर्गत नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 10 वाहनों के चालान किए गए, जबकि दो वाहनों को सीज किया गया।पुलिस टीम ने स्कूली बसों की भी विशेष रूप से जांच की। बसों में इमरजेंसी दरवाजे, अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।इस दौरान गदरपुर कोतवाली प्रभारी संजय पाठक, उप निरीक्षक संजय बोरा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पूरे अभियान के दौरान उप जिला अधिकारी रिचा सिंह के नेतृत्व में सभी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। प्रशासन ने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चलाने की अपील की है।



# बिना हेलमेट चालकों को बांटे गए हेलमेट व रिफ्लेक्टर बेल्ट

रुद्रपुर। 36वें सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मंगलवार 11 फरवरी 2026 को यातायात पुलिस रुद्रपुर द्वारा डीडी चौक पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे चालकों को रोककर वेगा कंपनी के सहयोग से हेलमेट वितरित किए गए तथा वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया।यातायात पुलिस ने दोपहिया चालकों को रिफ्लेक्टर बेल्ट भी उपलब्ध कराई और रात के समय वाहन चलाते हुए दुर्घटनाओं से बचाव में इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रिफ्लेक्टर बेल्ट अंधेरे में वाहन की दृश्यता बढ़ाती है, जिससे सड़क हादसों की आशंका कम होती है।हेलमेट वितरण के दौरान पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री निहारिका तोमर ने चालकों से अपील करते हुए कहा कि केवल हेलमेट पहनना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी स्ट्रिप को भी सही तरीके से बांधना आवश्यक है, ताकि दुर्घटना की स्थिति में सिर पर गंभीर चोट से बचाव किया जा सके।कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात श्री प्रशांत कुमार, निरीक्षक यातायात श्री नरेंद्र कुमार आर्या, प्रभारी सीपीयू श्री गोधन सिंह के साथ ही वेगा कंपनी के प्रतिनिधि सूरज, नदीम, आकाश और कौशल भी उपस्थित रहे। पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।







# चार श्रम संहिताओं के खिलाफ श्रमिकों की महाहड़ताल कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्रमिक संयुक्त मोर्चा उधम सिंह नगर के बैनर तले श्रमिक नेताओं ने मंगलवार को नैनी व्यू होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान श्रमिक नेताओं ने मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं को वापस लेने की मांग को लेकर 12 फरवरी को होने वाली देशव्यापी हड़ताल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्रमिक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने केंद्र सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि सरकार मजदूर वर्ग को पूंजीपतियों का गुलाम बनाना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ पूंजीपतियों के सुझाव पर, जिनमें मजदूरों से हफ्ते में 70 से 90 घंटे काम लेने की बात कही गई थी, सरकार ने पुराने श्रम कानूनों को खत्म कर नए श्रम कोड लागू कर दिए हैं। इन कोड्स के माध्यम से मालिक कम वेतन पर मजदूरों से ज्यादा घंटे काम लेंगे। तिवारी ने कहा कि श्रमिक पिछले पांच वर्षों से इन्हें वापस लेने की मांग कर रहे थे, लेकिन सरकार ने कॉरपोरेटपरस्त मंशा के चलते नवंबर 2025 से इन्हें लागू कर दिया।दिनेश तिवारी ने बताया कि इन लेबर कोड्स के विरोध में 12 फरवरी को आहूत



हड़ताल में सिडकुल की दर्जनभर यूनियनें शामिल होंगी, जिन्होंने अपने प्रबंधन को नोटिस दे दिया है। हड़ताल में आशा वर्कर्स, महिला स्कीम वर्कर्स सहित बैंक और बीमा क्षेत्र की यूनियनें भी भागीदारी करेंगी। संयुक्त किसान मोर्चा ने भी इस हड़ताल को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। जिले के मजदूर और किसान सुबह 10 बजे गांधी पार्क में एकत्रित होकर जनसभा करेंगे। ट्रेड यूनियन एक्टू के राष्ट्रीय सचिव के.के. बोरा ने कहा कि यह हड़ताल एक नाजुक मोड़ पर हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अंतरराष्ट्रीय श्रम मानकों की अवहेलना करते हुए और हितधारकों से बिना परामर्श किए ये संहिताएं लाई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की अनुपस्थिति और कोविड काल के दौरान इन संहिताओं को संसद में पारित किया गया, जो सामूहिक सौदेबाजी और हड़ताल के अधिकार को छीनने का प्रयास है। बोरा ने दावा किया कि इन नियमों से 70 प्रतिशत फैक्ट्रियां लेबर कानून के दायरे से बाहर हो जाएंगी, जिससे मजदूरों की सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। इंकलाबी मजदूर यूनियन के कोषाध्यक्ष दिनेश चन्द्र ने कहा कि लेबर कोड सरकार द्वारा मजदूरों पर गुलामी की शर्तें थोपने के लिए डिजाइन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार रेलवे, बंदरगाह, कोयला खदान, तेल, बैंक और बीमा जैसे सार्वजनिक क्षेत्रों के निजीकरण का एजेंडा चला रही है, जिससे आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था को खतरा है। उन्होंने बजट 2026-2027 को भी इसी दिशा में एक कदम बताया। प्रेस वार्ता में भाकपा (माले) जिला सचिव ललित मटियाली, इंट्रार्क मजदूर संगठन के नेता सौरभ, सीएसटीयू नेता धीरज जोशी, ऑटोलाइन एम्प्लाइज यूनियन की ओर से जीवन व प्रकाश मेहरा, ऐरा श्रमिक संगठन से भरत जोशी, आर एम एल एम्पलाई यूनियन के प्रकाश नेगी व कमलेश कार्की उपस्थित रहे।

# जो भाव सृजन करदे वो ही है भागवत : हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित भक्त समुदाय को भागवत शब्द की व्याख्या करते हुए कहा कि 'भा' यानी भाव सृजन करने वाली, 'ग' यानी गर्व को नष्ट करने वाली, 'व' यानी वर्ण व वर्ग भेद को समाप्त करने वाली। 'त' यानी तपस्चर्या परिपूर्ण जीवन जीने का संदेश देने वाली। ग्रहस्थ को ही बना लें। उन्होंने कहा परमात्मा का स्मरण करते हुए बाधा, कठिनाईयों, परीक्षाओं से यदि न घबराते हुए निरंतर चलें तो सफलता अवश्य ही कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि धर्म लौकिकता व पारलौकिकता के बीच एक सेतु का काम करता है स लौकिक कर्तव्यों का पालन करते हुए पारलौकिक मार्ग पर कैसे आगे बढ़ा जा सके यह सिखाता है धर्म।कर्म, भक्ति व ज्ञान का सुन्दर समन्वय स्थापित करके जीवन को आदर्श, महान, सुखी व समृद्ध बनाने का संदेश देता है धर्म। सत्य, अहिंसा ,परोपकार, राष्ट्र भक्ति ,माता पिता व गुरुजनों का सम्मान ,सदाचरण ,नैतिकता व चारित्रिक उत्थान का संदेश देता है धर्म। हम आज हिन्दू , मुसलमान, सिख ,ईसाई ,बौद्ध ,पारसी, जैन इत्यादि बनें हैं जिसमें कोई बुराई नहीं लेकिन एक सच्चे इंसान बने हैं या नहीं अंतरात्मा में यह सोचने पर मजबूर करता है धर्म। हम अपने धर्म का सम्मान करे लेकिन औरों का निरादर नहीं। सही दिशा में उठाया हमारा हर कदम कल्याणकारी होगा।अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व" श्री गुरु महाराज", "कामां के कन्हैया" व "लाठी वाले भैय्या "की जय जयकार से गूंज उठा।



# एसपी ने किया कोतवाली बनभूलपुरा का वार्षिक निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार कत्याल द्वारा कोतवाली बनभूलपुरा का मंगलवार को वार्षिक निरीक्षण किया गया। दिनेश सिंह फर्त्याल प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा द्वारा कोतवाली के सभी भवन, कर्मचारी बैरक व मालखाने का भ्रमण व निरीक्षण करवाया गया। निरीक्षण के दौरान एस पी ने कोतवाली कार्यालय/परिसर व भोजनालय में साफ सफाई के विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कोतवाली में तैनात पुलिस कर्मियों को शस्त्र ड्रिल कार्रवाई गई। थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि किसी भी आकस्मिक स्थिति हेतु तैयारी के लिए पुलिस कर्मियों को लगातार शस्त्राभ्यास कराते रहें। इस मौके पर कोतवाली बनभूलपुरा संवेदनशील क्षेत्र होने के दृष्टिगत कार्मिकों से दंगा नियंत्रण उपकरणों का अभ्यास करवाया गया। एसपी ने कोतवाली के अभिलेखों को चौक कर निर्देशित किया कि सभी अभिलेखों को



अध्यवाधिक कर लें और सभी प्रविष्टियां पूर्ण कर ली जाएं।कार्यालय में नियुक्त कार्मिकों को सभी ऑनलाइन पोर्टल्स और सीसीटीएनएस कार्यों को ऑनलाइन डेटा अध्यवाधिक करने हेतु निर्देशित किया गया। महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण कर उन्होंने हेल्पडेस्क में नियुक्त पुलिस कर्मियों को प्राप्त होने वाली शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए।सभी माल मुकदमाती को चौक किया गया। थाना प्रभारी को सभी माल मुकदमाती का न्यायालय से उचित प्रक्रिया द्वारा शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। एसपी मनोज कत्याल ने विवेचनाओ में गुणवत्ता लाने तथा निर्धारित समयानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सभी अधिकारी/कर्मचारियों का सम्मेलन लिया गया। सभी की समस्याओं का समाधान किया गया। सभी कर्मियों को क्षेत्र में लगातार पुलिस विजिबिलिटी को बढ़ाएं जाने के निर्देश दिए। नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा क्षेत्र के सांप्रदायिक सोहार्द कायम रखने हेतु क्षेत्र में सतर्कता और सक्रियता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अमित कुमार सीओ, दिनेश सिंह फर्त्याल प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा समेत कोतवाली के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## हरियाणा भेजा गया चावल डिलीवरी से पहले ही गायब

सितारगंज। सितारगंज से हरियाणा भेजा गया 420 कुंतल चावल डिलीवरी से पहले ही गायब हो गया। मामले में कंपनी स्वामी ने कोतवाली में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वार्ड 10 निवासी अमित कुमार मित्तल पुत्र शिव कुमार मित्तल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी फर्म एमबी एग्रो मिल ने ब्रोकर के माध्यम से 420 कुंतल चावल बेचा था। इसकी कीमत 9.39 लाख रुपये थी। माल के ट्रांसपोर्ट की जिम्मेदारी ब्रोकर की थी। पांच फरवरी को ट्रांसपोर्टर के माध्यम से 656 बैग चावल ट्रक में लोड कर हरियाणा के समालखा भेजा गया। लेकिन माल वहां नहीं पहुंचा। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की हैं।

आवश्यकता है
एक कुशल अनुभवी एकाउण्टेंट की। जिसे जीएसटी+टैक्स का अच्छा अनुभव हो। वेतन योग्यतानुसार। शीघ्र आफिस पर सम्पर्क करें।
पता-एसटीसी वैन्चर महिन्द्रा शोरूम के सामने किच्छा बाईपास रोड,रूद्रपुर
-सम्पर्क सूत्र-
9548200711
8218640588

# जन संवाद के जरिए ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान

जसपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विनय रुहेला ने मंगलवार को जसपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर 'जन संवाद' कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। ग्राम पंचायत पतरामपुर, बढ़िया वाला एवं मनोरथपुर में आयोजित इन कार्यक्रमों में श्री रुहेला ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित कराया।



उन्होंने स्पष्ट किया कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जन संवाद के दौरान ग्राम पंचायत पतरामपुर में नरेंद्र सिंह ने पेयजल की किल्लत का मुद्दा उठाया, जिस पर उपाध्यक्ष ने जल संस्थान के अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कर आपूर्ति सुचारु करने के निर्देश दिए। वहीं, जसवंत सिंह ने खेतों के ऊपर खतरनाक तरीके से झूल रही विद्युत तारों की ओर ध्यान आकर्षित किया, जिससे हर समय हादसे का भय बना रहता है। इस पर श्री रुहेला ने विद्युत विभाग को तत्काल मौके का निरीक्षण कर तारों को दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर गुरुदेव सिंह द्वारा चिंता जताए जाने पर उन्होंने पुलिस और संबंधित विभागों को ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने पर विशेष बल देने को कहा।इसके अतिरिक्त जगदीश वाला ग्राम पंचायत में नाले की सफाई और बढ़िया वाला ग्राम पंचायत में बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी अन्य समस्याओं का भी उपाध्यक्ष द्वारा मौके पर ही समाधान किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो समस्याएं शासन स्तर की हैं, उनका प्रस्ताव बनाकर शीघ्र भेजा जाए ताकि जनता को राहत मिल सके। इस अवसर पर तहसीलदार जसपुर, खंड विकास अधिकारी, अधिशाषी अभियंता सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सहित विभिन्न ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि और विभागीय कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सस्ता गल्ला विक्रेता गिरधारी लाल के निधन पर शोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिनेशपुर के सस्ता गल्ला विक्रेता गिरधारी लाल के आकस्मिक निधन से शोक की लहर व्याप्त है। उनके निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए सस्ता गल्ला विक्रेता संघ के पदाधिकारियों ने रूद्रपुर स्थित जिलाध्यक्ष राजेन्द्र बांगा के कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने गिरधारी लाल के व्यक्तित्व और उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। शोक सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेन्द्र बांगा ने कहा कि गिरधारी लाल का आकस्मिक निधन संगठन और समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। वे एक मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे, जिन्होंने सदैव अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ किया। सभा के दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष मदन लाल खन्ना, पवन कुमार, नरेश अग्रवाल, बंटी सिंह, जुझार सिंह, सार्थक अग्रवाल, विराट खुराना, अमित बांगा, अशोक सुधा, सुभाष अरोरा, रमन कुमार, अशोक बत्रा, विनोद सारस्वत, गुरमीत सिंह, जगन्नाथ, रवि कुमार, के.के. घई और नरेश कुमार सहित अनेक गल्ला विक्रेता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से मिलीं मीना शर्मा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री और पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने बुधवार को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कांग्रेस नेता अनिल शर्मा भी उनके



साथ मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान श्रीमती शर्मा और अनिल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और श्रीमती मीना शर्मा के बीच प्रदेश की वर्तमान राजनैतिक स्थिति और आगामी सांगठनिक गतिविधियों को लेकर लंबी चर्चा हुई। राजनैतिक गलियारों में इस मुलाकात को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें स्थानीय जनसमस्याओं और पार्टी की मजबूती को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। श्री रावत ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनहित के मुद्दों को प्रखरता से उठाने का आह्वान किया।

# सामाजिक संगठनों ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में मंगलवार को मांस-मछली की दुकानों की बंदी के निर्णय के बीच अब शराब की दुकानों और बड़े नॉन-वेज फूड चेन पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। मंगलवार को सुब्रत कुमार विश्वास के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा। महापौर विकास शर्मा की अनुपस्थिति में सौंपे गए इस ज्ञापन में मांग की गई है कि मंगलवार को अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों, बीयर बार, केएफसी और बड़े नॉन-वेज रेस्टोरेंट्स को भी पूर्ण रूप से बंद रखा जाए। संगठनों ने प्रशासन को एक माह का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो नगर निगम कार्यालय और शराब के ठेकों पर उग्र धरना-आंदोलन किया जाएगा।ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि धार्मिक कर्मकांडों में बाधा न पड़े, इसके लिए मीट की छोटी दुकानें तो बंद करा दी गईं, लेकिन शराब से समाज में



अधिक विकृति और धर्मभ्रष्ट की स्थिति पैदा होती है। वक्ताओं ने कहा कि नशेड़ी अक्सर मंदिरों के बाहर पड़े रहते हैं जिससे भक्त आहत होते हैं। संगठनों ने हिंदूवादी संगठनों का आह्वान करते हुए कहा कि वे केवल छोटे व्यापारियों को डराकर दुकानें बंद न कराएं, बल्कि केएफसी जैसे बड़े प्रतिष्ठानों, बीयर बार और शराब के ठेकों पर भी ताला लगवाएं। ज्ञापन में यह शर्त भी रखी गई कि यदि मंगलवार को पूर्ण बंदी सुनिश्चित नहीं की जाती, तो छोटे मीट विक्रेताओं को प्रतिदिन 1,000 रुपये की दिहाड़ी मुआवजे के तौर पर दी जाए।इस अवसर पर भीम आर्मी से संजय आजाद, सुरेश भारती, युवा अंबेडकर संगठन से दीपक कुमार, युवा नेता संजय सरकार, अभिमन्यु साना, दिनेश रवि, सोमपाल जगन्नाथ मंडल, मोहम्मद अंसारी, जसपाल सिंह, रविंद्र सिंह और मोहम्मद असलम उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने एकजुट होकर सवाल उठाया कि क्या केवल छोटे व्यापारियों को निशाना बनाया जा रहा है? उन्होंने कहा कि यदि हिंदूवादी संगठन सच में समाज का भला चाहते हैं, तो वे बड़े ब्रांड्स और शराब की भट्टियों को बंद कराकर दिखाएं। सुब्रत कुमार विश्वास ने कहा कि महापौर विकास शर्मा के सम्मान को बनाए रखते हुए छोटे व्यापारियों का शोषण बंद होना चाहिए। उन्होंने उत्तराखंड में शराबबंदी के सपने को साकार करने की दिशा में मंगलवार को रूद्रपुर को नशामुक्त बनाने की मांग की।

# दोनों मंडलों में बनेंगे उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण के बहुउद्देशीय भवन : सीएम

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को भवनों की डीपीआर शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि राज्य के दोनों मंडलों में उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण बहुउद्देशीय भवन अथवा सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन भवनों के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रस्तावित भवनों में बैंकट हॉल, गेस्ट हाउस, सभागार, प्रशिक्षण कक्ष, बैठक कक्ष और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएं, ताकि विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक और प्रशासनिक गतिविधियों का बेहतर ढंग से संचालन किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को इन बहुउद्देशीय भवनों की डीपीआर शीघ्र तैयार कर शासन के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओबीसी बाहुल्य क्षेत्रों में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं।बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि ओबीसी बाहुल्य क्षेत्रों में योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने नियमित समीक्षा के माध्यम से प्रगति की निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि लाभार्थियों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर योजनाओं में आवश्यक सुधार किए जाएं, जिससे योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी रूप से आमजन तक पहुंच सके।मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और ओबीसी वर्ग के उत्थान हेतु शिक्षा, कौशल विकास, स्वरोजगार और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अवसर पर उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष संजय नेगी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव श्रीधर बाबू अदांकी, अपर सचिव नवनीत पांडे, अपर सचिव संदीप तिवारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# आदि कैलाश, नाभिडांग और जॉलीकाँग को हवाई सेवा से जोड़ने की तैयारी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण की उत्तराखण्ड एयर कनेक्टिविटी स्कीम के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए।मुख्य सचिव ने आदि कैलाश, नाभिडांग और जॉलीकाँग को हवाई सेवा से जोड़े जाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहस्त्रधारा से पूर्णागिरी के लिए भी हवाई सेवा शीघ्र शुरू की जाए। मुख्य सचिव ने जोर देते हुए कहा कि प्रदेश में हवाई सम्पर्क बढ़ाए जाने की संभावनाओं को तलाशने के लिए लगातार प्रयास किए जाएं। उन्होंने प्रदेश में पर्यटन सर्किट के विकास को ध्यान में रखते हुए हैलीपैड और हैलीपोर्ट सुविधाओं के विस्तार पर विशेष बल दिया।बैठक में सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि प्रदेश में हेलीपैड और हेलीपोर्ट विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि शीघ्र ही नैनी सैनी एयरपोर्ट को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को हैंड ओवर किया जाएगा। इस अवसर पर सचिव सचिन कुर्वे, अपर सचिव आशीष चौहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# खटीमा में बहुद्देशीय शिविर का हजारों ग्रामीणों ने उठाया लाभ

## उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में मौके पर ही हुआ कई समस्याओं का निस्तारण

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार मंगलवार को जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत सनातन धर्मशाला, निकट नगर पालिका परिषद खटीमा में उपजिलाधिकारी तुषार सैनी की अध्यक्षता में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में 1032 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें 80 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनके सापेक्ष 22 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अन्य प्रार्थना पत्रों के त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने और प्रमाण-पत्र शीघ्रता से निर्गत करने के निर्देश दिए गए।अध्यक्ष नगर पालिका परिषद रमेश चन्द्र जोशी ने संबोधित करते हुए कहा कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए शिविर में प्राप्त शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, इसलिए अधिकारी पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चुनी हुई सरकार आपके द्वार पर आकर समस्याओं का समाधान कर रही है, इसलिए शिविरों में पहुंचकर योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में लग रहे इन शिविरों के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया।शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 236 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाई वितरित की गई तथा 19 आयुष्मान कार्ड, 02 दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं 03 महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना से लाभान्वित किया गया। होम्योपैथिक विभाग द्वारा 105 और आयुष विभाग द्वारा 98 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 05 व्यक्तियों के पेंशन आवेदन भरवाए गए और 08 व्यक्तियों के दिव्यांग बस पास बनाए गए। पूर्ति विभाग द्वारा 11 लोगों के राशन कार्ड और ई-केवाईसी का कार्य किया गया। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा 06 महिलाओं को महालक्ष्मी किट योजना से लाभान्वित किया गया। उद्यान विभाग द्वारा 25 व्यक्तियों को सब्जी-मसाला-पुष्प क्षेत्रफल विस्तार योजना और 04 व्यक्तियों को मशरूम उत्पादन योजना का लाभ दिया गया। डेयरी विभाग द्वारा 10 व्यक्तियों को साईलेज एवं दुधारू पशु योजना से लाभान्वित किया गया। शिविर में 12 जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण, 35 आय-जाति-स्थाई निवास प्रमाण पत्र, 02 विरासत दर्ज, 28 खाता खतौनी की नकल और 02 यूसीसी पंजीकरण किए गए।इस दौरान मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, ब्रॉयलर फार्म प्रोत्साहन योजना, बैकयार्ड पोल्ट्री योजना, मुख्यमंत्री बाल पोषण योजना, मुख्यमंत्री महिला पोषण योजना, महिला मंगलदल व युवक मंगलदल गठन, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, पशुधन बीमा, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना सहित अन्य योजनाओं से कुल 949 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में अध्यक्ष नगर पालिका रमेश चन्द्र जोशी, अध्यक्ष युवा मोर्चा सतीश भट्ट, महिला मोर्चा विनीता सक्सेना, मण्डल अध्यक्ष अमित पाण्डे सहित जनपद, तहसील और विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।






# कार्यशाला में ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के लिए 1930 हेल्पलाइन और साइबर पोर्टल की दी गई जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सूचना एवं विज्ञान केंद्र द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत ने प्रतिभाग किया। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद की समस्त तहसील एवं ब्लॉक मुख्यालयों के स्वान केंद्रों में भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यशाला का सजीव प्रसारण किया गया ताकि अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकें।कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों द्वारा इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, बढ़ते साइबर अपराध और सोशल मीडिया के दुरुपयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने साइबर अपराध से बचाव के प्रभावी उपाय बताते हुए लोगों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक, अज्ञात कॉल या संदेश के झांसे में न आएं और अपनी व्यक्तिगत व वित्तीय जानकारियों को पूरी तरह सुरक्षित रखें। इस आयोजन का मूल उद्देश्य छात्रों और आम जनमानस को इंटरनेट के सुरक्षित, जिम्मेदार और सकारात्मक उपयोग के प्रति जागरूक कर उन्हें डिजिटल दुनिया के खतरों से आगाह करना था।कार्यशाला में विद्यार्थियों को विशेष रूप से सलाह दी गई कि वे अपने सोशल मीडिया और बैंकिंग खातों के लिए हमेशा मजबूत पासवर्ड रखें और अपनी निजी जानकारी किसी भी अपरिचित प्लेटफॉर्म पर साझा न करें। उन्हें निर्देशित किया गया कि किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना तत्काल अपने शिक्षक, अभिभावक या नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें। इसके अलावा साइबर अपराध की तत्काल रिपोर्टिंग के लिए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर पोर्टल के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यशाला के माध्यम से उपस्थित छात्रों को एक सजग और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के अंतिम चरण में छात्र-छात्राओं और विशेषज्ञों के बीच इंटरनेट एवं साइबर अपराध को लेकर सीधा संवाद भी हुआ। छात्रों ने अपनी जिज्ञासाएं शांत कीं और यह विश्वास दिलाया कि वे स्वयं इंटरनेट का सुरक्षित इस्तेमाल करेंगे और अपने आसपास के लोगों को भी इस विषय में जागरूक करेंगे। कार्यशाला का सफल आयोजन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हेमन्त मौर्य और अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लक्ष्मी चौहान के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, अभिभावक और वर्चुअल माध्यम से तहसील व ब्लॉक स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# शिविरों के माध्यम से अब तक पौने पांच लाख नागरिकों को मिला लाभ

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान प्रदेश में जनसेवा, सुशासन और पारदर्शिता की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस अभियान के माध्यम से शासन को सीधे आम जनता से जोड़ते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत आज कुल 7 शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें 5,507 नागरिकों ने प्रतिभाग कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाया। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि आम जनता का सरकार पर विश्वास निरंतर मजबूत हो रहा है।अब तक इस अभियान के तहत कुल 604 शिविरों का सफल आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 4,74,285 से अधिक नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही है। इन शिविरों के माध्यम से राजस्व, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रम, पेंशन, प्रमाण-पत्र और शिकायत निवारण सहित अनेक विभागीय सेवाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्पष्ट विजन है कि शासन केवल सचिवालयों तक सीमित न रहे, बल्कि जनता के द्वार तक पहुंचे।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# सीएम के कार्यक्रम को लेकर बनाई रूपरेखा

## जोरदार रोड शो के साथ होगा सीएम धामी का स्वागत

रुद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आगामी 14 फरवरी को प्रस्तावित रुद्रपुर आगमन को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को भव्य और दिव्य रूप देने के लिए महापौर विकास शर्मा ने जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गहन मंथन कर रूपरेखा तैयार की। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री न केवल करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे, बल्कि शहर की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को भी नई पहचान देंगे।कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री धामी 14 फरवरी को रुद्रपुर की धरा पर पहुंचेंगे। उनके आगमन का मुख्य आकर्षण इंदिरा चौक पर स्थापित भव्य त्रिशूल का लोकार्पण होगा। इसके पश्चात, मुख्यमंत्री एक विशाल रोड शो के माध्यम से जनता का अभिवादन स्वीकार करेंगे। यह रोड शो काशीपुर मार्ग



और गल्ला मंडी होते हुए गांधी पार्क पहुंचेगा। महापौर विकास शर्मा ने बताया कि रोड शो के पूरे मार्ग पर जगह-जगह पुष्प वर्षा और ढोल-नगाड़ों के साथ मुख्यमंत्री का अभूतपूर्व स्वागत किया जाएगा। सीएम धामी का मुख्य कार्यक्रम गांधी पार्क के विशाल प्रांगण में आयोजित होगा। यहाँ वे जिले को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली करोड़ों की योजनाओं की सौगात देंगे। साथ ही, मुख्यमंत्री दस दिवसीय प्रादेशिक सरस मेले का विधिवत शुभारंभ कर प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे। विकास और संस्कृति के इस संगम में शाम के वक्त मुख्यमंत्री विशाल शिव जागरण में भी सम्मिलित होंगे।कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए महापौर विकास शर्मा ने जिलाधिकारी नितिन भदौरिया, मण्डी परिषद अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू और मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक रूट डायवर्जन और जनसभा के दौरान नागरिकों की सुविधाओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महापौर ने आहवान किया कि मुख्यमंत्री का यह दौरा रुद्रपुर के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो, इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं और अधिकारियों को एकजुट होकर जुटना होगा।बैठक में नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, महामंत्री पारस चुघ, धरिन्द्र मिश्रा, दिलजोत बाजवा आदि शामिल थे। सभी ने मुख्यमंत्री के स्वागत को लेकर उत्साह व्यक्त किया और आयोजन की भव्यता के लिए अपने सुझाव साझा किए।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर का सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एव हॉस्पिटल के तत्वाधान में ज्योली गांव भुजिया घाट में लगे निशुल्क चिकित्सा शिविर का सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में रोगियों की शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन सीबीसी, ईसीजी आदि की जाँच भी की गई। प्राचार्य एवमेडिकल सुपरिंडेंट डॉ विनय खुल्लर ने बताया। शिविर में 30%शुगर एव ब्लड प्रेशर, जोड़ो के दर्द ,गठिया कमर के दर्द के रोगी, त्वचा रोगी,



पेट के रोगी, मुख एव शेष सामान्य एव मोदमी बुखघर एव नाक एव आँख के रोगियो को डॉ कल्पना ने देखा।इस दौरान खघसी के रोगी भी मिले , जिनकी ब्लड की जांचे डॉ नीतू ने की। डी एम एस डॉ स्वप्निल ने बताया अगले माह तक चिकित्सालय में सभी कुछ निशुल्क होगा।।शिविर में डॉ नेहा उपाध्याय, डॉ श्वेता पौल, डॉ महेंद्र बोरा, डॉ कल्पना, डॉ निवेदिता, डॉ स्वाति भट्ट, डॉ नीतू भट्ट, डॉ देबेश आदि ने परामर्श दिया। इस दौरान निशुल्क दवाओं का वितरण भी हुआ। शिविर में हिताक्षी, निकिता, हेमा, सपना, वरखा, प, ललित चंदन ने भी सहयोग किया।

# वरिष्ठ समाजसेविका चंपादेवी नरूला का निधन,शोक की लहर

रूद्रपुर । नगर की प्रतिष्ठित समाजसेविका और गुरुघर की अनन्य उपासक चंपादेवी नरूला (95 वर्ष) पत्नी स्वर्गीय खैरातीलाल नरूला का बुधवार तड़के निधन हो गया। उनके देहांत का समाचार मिलते ही शोक की लहर दौड़ गई और उनके अंतिम दर्शनों के लिए निवास स्थान पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। स्वर्गीय चंपादेवी नरूला नगर की अनेक प्रमुख धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़ी हुई थीं और समाज सेवा के कार्यों में सदैव अग्रणी रहती थीं। उनके निधन पर उत्तरप्रदेश/उत्तराखंड लोकतंत्र सेनानी संघ ने गहरा दुख व्यक्त किया है। सेनानी संघ की ओर से एडवोकेट सुभाष चंद्र छाबड़ा ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि माताजी का निधन रूद्रपुर की सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के लिए एक ऐसी क्षति है, जिसकी पूर्ति करना असंभव है। वरिष्ठ व्यापारी मनोहर लाल मिगलानी ने उन्हें प्रेरणास्रोत बताया, वहीं व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने उनके निधन को नगर के लिए अत्यंत दुखदाई क्षण कहा। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर, एडवोकेट अभिनव छाबड़ा, विजय जग्गा, कमला चिलाना, मोहित कक्कड़, पूर्व पार्षद ललित मिगलानी, और लोकतंत्र सेनानी कस्तूरीलाल तागरा सहित तमाम गणमान्य लोग शामिल रहे। स्वर्गीय चंपादेवी अपने पीछे पुत्र सुरेंद्र नरूला, महेंद्र नरूला, नरेंद्र नरूला, नीलकमल और पवन नरूला के साथ ही पौत्र सन्नी, विदुर और अंकित नरूला सहित एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। किच्छा रोड स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया,जहाँ शहर के सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

# ओवरलोडिंग और भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण के लिए चलेगा अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सड़क सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने अभियान चलाकर ओवरलोडिंग व भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी भदौरिया ने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, एआरटीओ और सड़क महकमे के अधिकारी भारी वाहनों व खनन वाहनों हेतु दो दिन में रूट निर्धारित कर संचालित कराना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रातः स्कूल जाने के समय और छुट्टी के समय शहरों व कस्बों में भारी वाहन अथवा खनन वाहनों का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने भारी और खनन वाहनों के संचालन हेतु वैकल्पिक रूट निर्धारित करने के निर्देश दिए और कहा कि जो वाहन निर्धारित समय व रूट के



इतर चलते पाए जाते हैं उन्हें सीज किया जाए। उन्होंने कहा कि स्टोन क्रेशरों से ओवरलोड खनिज वाहन निकलने पर संबंधित क्रेशर संचालक की जिम्मेदारी तय की जाएगी, इसलिए सभी क्रेशर संचालक निर्धारित खनिज भार पर ही वाहनों की निकासी कराएं। उन्होंने खनन क्षेत्रों से भी ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करने और खनिज लाने वाले वाहनों को ढक कर चलाने के निर्देश दिए ताकि सड़कों पर रेता-बजरी न गिरने पाए। जिलाधिकारी ने मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने वालों की सख्ती से जांच करने को भी कहा।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने आज से ही ओवरलोडिंग व ओवर स्पीड के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने भारी वाहनों का रूट निर्धारित करते हुए शहर, कस्बों व हाईवे से मिलने वाली सड़कों को चिन्हित कर बैरियर लगाने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट व एक्सीडेंट जोन भी चिन्हित किए जाएं। सड़कों पर निराश्रित पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उन्होंने निकाय अधिकारियों को पशुओं को शेल्टर होम भेजने के निर्देश दिए।बैठक में पूर्व दर्जा मंत्री राजेश कुमार, पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी डॉ. अमृता शर्मा, अधीक्षण अभियंता लोनिवि अनिल पांगती, अधिशासी अभियंता गजेंद्र सिंह, एआरटीओ मोहित कोठारी, जिला खनन अधिकारी मनीष कुमार आदि मौजूद थे। इसके अलावा सभी उप जिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, अधिशासी अभियंता लोनिवि व थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

# एसएसपी ने दिये कांवड़ यात्रा हेतु विशेष प्रबंधन के निर्देश

रूद्रपुर। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाने और आगामी कांवड़ यात्रा को सुरक्षित व सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा ने ब्रह्मनगर लिंक रोड व ढकिया रोड स्थित दुर्घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उपस्थित अधिकारियों को सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।गौरतलब है कि बीती 8 फरवरी को ग्राम ब्रह्मनगर में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार अनिल पुत्र करन सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए दुर्घटना में संलिप्त डंपर को चिन्हित कर अपने कब्जे में ले



लिया है और अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कांवड़ यात्रा हेतु विशेष प्रबंधन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ मार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और भारी वाहनों का रूट डायवर्जन कड़ाई से लागू किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए उन्होंने दुर्घटना संभावित एवं संवेदनशील मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और कंट्रोल रूम से उनकी निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट का नियमित निरीक्षण कर वहां मौजूद सुरक्षा खामियों को तत्काल दूर करने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन क्षेत्रों में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है, वहां लोहे के बैरियर लगाकर अनधिकृत वाहनों की आवाजाही रोकी जाए। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने स्कूल समय के दौरान विशेष पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए ताकि छात्रों का आवागमन सुरक्षित रह सके। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु पुलिस की निरंतर निगरानी और प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

# नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ के पिता का निधन

गूलरभोज। गूलरभोज नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ के पूज्य पिता रामलाल चुग (82 वर्ष) का मंगलवार शाम उनके निजी आवास पर स्वर्गवास हो गया। उनके निधन की सूचना से समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। बुधवार सुबह 11:00 बजे वार्ड नंबर 3 संतोष नगर स्थित उनके आवास से अंतिम यात्रा शुरू हुई। जहाँ गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके सम्मान में स्थानीय व्यापारियों ने बाजार को 2 घंटे के लिए बंद रखने का निर्णय लिया। रामलाल चुघ के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि उनका जाना समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा और डॉ. कुलदीप रघुवंशी ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे एक सरल स्वभाव और प्रेरणादायी व्यक्तित्व के धनी थे। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से प्रमोद कुमार गुप्ता,अमित कुमार गुप्ता, संदीप कुमार, हरीश छाबड़ा, कालू रघुवंशी, संजीव गुप्ता,सुखविंदर सिंह, अजय अरोड़ा, सुरेंद्र सिंह, विजय कुमार, बलदेव राज, सोमनाथ, भूपेंद्र आर्य, बलराम मंडल, गोविंद राजभर, राजेंद्र सिंह, रवि और नरेश कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यापारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# जनपद स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता संपन्न

किच्छा (उद संवाददाता)। श्री कृष्ण मर्चेंट एसोसिएशन इण्टर कॉलेज में आयोजित जनपद स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का समापन हुआ। जनपद के सभी विकासखंडों से चयनित कुल 191 छात्र-छात्राओं ने अपने अभिनव वैज्ञानिक मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुत करते हुए प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक हर्षवर्धन सिंह ने ब संचालन अंकित पाण्डे ने किया। मुख्य अतिथि गिरधारी लाल गोयल, विशिष्ट अतिथि श्रीमती शोभा गोयल,श्रीमती सुनीता बंसल ,श्रीमती सीमा कश्यप , सीमा गोयल, ममता चौबे थीं। जिन्होंने छात्र-छात्राओं की बैठक






व्यवस्था हेतु 500 कुर्सियां देने की घोषणा की।प्रमुख आयोजक एवं मार्ग निर्देशक मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत थे।प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सुनील भास्कर, डॉ. कमल रावत तथा भूपाल सिंह नेगी ने भूमिका निभाई। जनपद समन्वयक के रूप में प्रेमचन्द उपस्थित थे ।इस अवसर पर भरत सिंह ,राजीव सिंह, वीरेंद्र कुमार, शुभम मित्तल, पूनम, तबस्सुम, गजेंद्र कुमार, प्रदीप जोशी, श्रीमती सीमा त्रिवेदी,आमोद सक्सेना एवं फैज अहमद सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता एवं नवाचार क्षमता को नई दिशा प्रदान करते हैं।प्रतियोगिता के उपरांत 15 छात्र छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। जिनमें कृष्णा, कोमल, रिदमप्रीत कौर, बानी सिंह, आर्यन, गौरव नाथ , दीपांशु गहतोड़ी, कार्तिक सिंह महर, पूजा भारद्वाज, नंदिनी, विधि, देशरत्न श्रीवास्तव, चेतन चंद, राहुल पोखरिया एवं खुशबू भारद्वाज शामिल हैं। जनपद समन्वयक प्रेमचंद ने चयनित प्रतिभागियों को एसएलईपीसी के विषय में जानकारी देते हुए छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार अग्रवाल ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का गरिमामय समापन हुआ।

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## एसआईआर पर दखल

लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता बनाए रखने के लिए मतदाता सूची में समय–समय पर संशोधन जरूरी है। इसी मकसद से देश के विभिन्न राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई है। मगर इसमें कई तरह की बाधाएं भी उत्पन्न हो रही हैं। कभी बड़ी संख्या में नागरिकों को मसविदा सूची से बाहर करने को लेकर सवाल उठ रहे हैं, तो कभी सियासी दलों की ओर से इस प्रक्रिया में नियमों के विपरीत दखल देने के आरोप लग रहे हैं।ऐसे में सबसे जरूरी है कि नई मतदाता सूची तैयार करने में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए, ताकि सभी पात्र नागरिकों का मताधिकार सुरक्षित रह सके और अपात्र या मृतकों के नाम सूची से हटाने का कार्य बिना किसी विवाद या बाधा के पूरा हो सके। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल से जुड़े ऐसे ही एक मामले में सोमवार को सभी राज्यों को स्पष्ट कर दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद में किसी को भी बाधा डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत बिहार से हुई थी और तब से लेकर यह प्रक्रिया विवादों में है। शुरू में चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेज में शामिल न करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। आयोग का तर्क था कि आधार को नागरिकता का पहचान पत्र नहीं माना जा सकता, मगर बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इसे पहचान के दस्तावेज में शामिल कर लिया गया।अब पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया पर आए दिन नए–नए सवाल उठ रहे हैं। पिछले दिनों चुनाव आयोग ने खुद राज्य में मसविदा सूची में छूट गए मतदाताओं की सुनवाई की प्रक्रिया रोकने का निर्देश दिया था। आयोग ने माना था कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची के डिजिटलीकरण में तकनीकी समस्या की वजह से कई लोगों के नाम मसविदा सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं और ऐसे लोगों के लिए फिलहाल व्यक्तिगत सुनवाई की जरूरत नहीं है।मगर यह बात भी उतनी ही अहम है कि आयोग की इस कवायद में किसी राज्य सरकार का सीधे तौर पर दबाव या दखल देना उचित नहीं हो सकता।इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सफल तरीके से पूरा करने की जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की नहीं है, बल्कि राज्य सरकारों की भी इसमें अहम भूमिका है। इसके लिए पर्याप्त और सक्षम कर्मी उपलब्ध कराने का जिम्मा राज्य सरकार का होता है।ऐसे में अपेक्षा की जाती है कि इसमें सियासत को दूर रखकर राज्य सरकार और चुनाव आयोग सहयोग एवं समन्वय के साथ काम करेंगे। चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में कुछ और कर्मियों को पुनरीक्षण प्रक्रिया में तैनात करने की मांग करता रहा है, जिस पर राज्य सरकार अब जाकर राजी हुई है।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के जिला कार्यालय का शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास स्थित उत्तराखंड स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन के जिला कार्यालय का पूर्व विधायक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी राजेश शुक्ला ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव के साथ फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का त्याग और बलिदान देश की अमूल्य धरोहर है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी



की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन का यह जिला कार्यालय सेनानियों के आदर्शों को जीवित रखने और उनके उत्तराधिकारियों के हितों को मजबूत करने का प्रमुख केंद्र बनेगा।राजेश शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 दिसंबर को रूद्रपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गांव में सेनानी भवन के निर्माण की घोषणा की गई थी, जो सेनानी परिवारों के सम्मान और संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस महत्वपूर्ण घोषणा के लिए समस्त उत्तराधिकारियों ने जिलाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को बुके भेंट कर अपना आभार प्रकट किया।नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उच्च आदर्शों को जन–जन तक पहुंचाना और उनके उत्तराधिकारियों के अधिकारों व सम्मान की रक्षा करना है। उपस्थित वक्ताओं ने भी समाज में सेनानियों के योगदान को सहेजने का संकल्प दोहराया।इस अवसर पर प्रदेश सचिव आनंद कुमार गुप्ता, ब्रह्म प्रकाश श्रीवास्तव, रविकांत वर्मा, आनंद प्रकाश, रणजीत सिंह, विनोद कुमार चौहान, संजय श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री नरेंद्र राजभर, चंद्रशेखर यादव, अवनेंद्र कुमार गुप्ता, करुणाकर तिवारी, ठाकुर भगवान सिंह, वीरेंद्र सिंह समेत जिले के समस्त पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## नेशनल हाईवे पर सघन चेकिंग से मचा हड़कंप दो वाहन सीज, 36 के चालान

सितारगंज। सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने एक बार फिर सख्त रुख दिखाते हुए किच्छा सितारगंज नेशनल हाईवे पर आर.के. ढाबा मोड़ के पास व्यापक एवं सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। एसडीएम रविंद्र कुमार जुवाठा के नेतृत्व में परिवहन कर अधिकारी तारकेंद्र वैष्णव एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा की गई इस अचानक कार्रवाई से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में खलबली मच गई। चेकिंग के दौरान बिना वैध दस्तावेज, ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट व सीट बेल्ट जैसे यातायात नियमों की अनदेखी करने पर कड़ा एक्शन लेते हुए 2 वाहनों को मौके पर ही सीज किया गया। जबकि 36 वाहनों के चालान काटकर हजारों रुपये का जुर्माना लगाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि सड़क पर मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आमजन की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।




## फिल्म 'गोदान' के प्रदर्शन का महापौर ने किया शुभारम्भ

रूद्रपुर । प्रेम सिने प्लेक्स थिएटर में बुधवार को गौ–माता के धार्मिक, सामाजिक और वैज्ञानिक महत्व पर आधारित फिल्म 'गोदान' के विशेष शो का महापौर विकास शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्कूलों के बच्चों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर फिल्म देखी। शुभारम्भ पर कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए 'वंदे मातरम', भारत माता की जय और गौ–माता की जय के नारों से पूरा सिनेमा हॉल ऊर्जा से सराबोर हो गया।फिल्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा,




गोदान मात्र एक फिल्म नहीं, बल्कि एक सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत दस्तावेज है, जो हमें हमारी प्राचीन जड़ों और गौरवशाली विरासत से जोड़ती है। यह फिल्म 6 फरवरी को देश भर में रिलीज हुई है और इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है। फिल्म की कहानी एक ऐसे आधुनिक वैज्ञानिक के इर्द–गिर्द घूमती है, जो प्रारंभ में तर्क और विज्ञान की कसौटी पर सब कुछ देखता है, लेकिन जब उसके जीवन में गौ–माता का प्रवेश होता है, तो उसकी पूरी सोच और जीवनशैली बदल जाती है। यह फिल्म हमें बताती है कि भारतीय परंपरा और पंचगव्य चिकित्सा किस प्रकार वैज्ञानिक रूप से भी श्रेष्ठ हैं।उन्होंने कहा यह फिल्म हमें वर्ष 1966 के उस ऐतिहासिक गौ रक्षा आंदोलन की याद दिलाती है, जहाँ हमारे पूर्वजों ने गौ–वंश की रक्षा के लिए महान बलिदान दिए थे। सनातन धर्म में गाय को केवल एक पशु नहीं, बल्कि 'माता' का दर्जा दिया गया है और यह फिल्म उस पवित्र स्थान को न्यायोचित ठहराती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी ने उत्तराखण्ड में इस फिल्म को टैक्स फ्री करके एक अत्यंत सराहनीय और ऐतिहासिक निर्णय लिया है, ताकि अधिक से अधिक लोग, विशेषकर युवा और बच्चे इस फिल्म के माध्यम से अपनी संस्कृति को जान सकें। महापौर ने शहरवासियों से अपील करते हुए कि वे अपने परिवार के साथ इस फिल्म को जरूर देखें, क्योंकि यह समाज में गौ–सेवा और जीवन मूल्यों के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करने में मील का पत्थर साबित होगी।भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने फिल्म की सराहना करते हुए कहा आज के आधुनिक युग में जब युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति से दूर हो रही है, तब गोदान जैसी फिल्में समाज को आईना दिखाने का काम करती हैं। सनातन धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है और यह फिल्म वैज्ञानिक तथ्यों के साथ सिद्ध करती है कि गौ–सेवा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज का आधार है। हम सभी को अपने परिवार और बच्चों के साथ यह फिल्म देखनी चाहिए ताकि वे अपनी गौरवशाली परंपराओं को समझ सकें। पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रयास होना चाहिए कि इस फिल्म का संदेश जन–जन तक पहुँचे। इस अवसर पर जिला महामंत्री तरुण दत्ता, समाजसेवी विजय भूषण गर्ग, हिमांशु शुक्ला, पार्षद सुशील चौहान, पार्षद चिराग कालड़ा, रचित, अक्षय गहलौत, विजय तोमर, प्रमोद मित्तल, रोशन अरोरा और पारस चुघ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## नवनियुक्त कोतवाल मंजू पांडे ने व्यापारियों संग की बैठक

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। नवनियुक्त कोतवाल मंजू पांडे ने कार्यभार संभालते ही क्षेत्र की कानून और यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कड़ा रुख अपना लिया है। कोतवाली परिसर में नगर के व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती नशाखोरी और बाजार में अतिक्रमण की समस्या पर गंभीर चर्चा की। कोतवाल ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि बाजार में नालियों के बाहर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण



बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस अब विशेष अभियान चलाकर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजेगी।बैठक के दौरान कोतवाल मंजू पांडे ने कहा कि युवाओं में स्मैक और अन्य नशीली सामग्रियों का बढ़ता प्रचलन समाज के लिए घातक है। उन्होंने नशा तस्करों पर नकेल कसने के लिए जनप्रतिनिधियों से गोपनीय सूचनाएं साझा करने की अपील की। अतिक्रमण के मुद्दे पर उन्होंने दुकानदारों को हिदायत दी कि वे अपनी दुकानों का सामान नाली के भीतर ही रखें। यदि कोई दुकानदार या ठेला संचालक नाली के बाहर अतिक्रमण करता पाया गया, तो पुलिस बिना किसी रियायत के सीधे चालानी कार्रवाई करेगी।बैठक में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य भास्कर सम्मल ने पुलिस को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए नशाखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं, व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल ने गुरुद्वारा मोड़ पर शाम के समय होने वाली चेकिंग को लेकर व्यापारियों की समस्या उठाई। उन्होंने सुझाव दिया कि शाम के समय ग्रामीण क्षेत्रों से लोग जरूरी सामान खरीदने बाजार आते हैं, ऐसे में चेकिंग स्थल को बदलकर किसी अन्य स्थान पर किया जाए ताकि आम जनता को असुविधा न हो।जनप्रतिनिधियों ने नगर में नालियों के बाहर सजने वाले ठेलों और अवैध अतिक्रमण की शिकायत भी प्रमुखता से रखी, जिस पर कोतवाल ने तत्काल समाधान का भरोसा दिलाया। बैठक में ग्राम प्रधान जगदीश अटवाल, कुलविंद्र सिंह पिंटू, धर्म सिंह बिष्ट, राजेश देऊपा, सुरेश जोशी, ग्राम प्रधान राम नरेश राणा, विशाल गोयल, सुरंजन राय और भूपेंद्र सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर। भारतीय राजनीति के पुरोधा और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय, में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित



जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पंडित जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प दोहराया।मुख्य वक्ता, लोकतंत्र सेनानी कस्तूरी लाल तागरा ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा और संगठन के प्रति अटूट समर्पण का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने विश्व को 'एकात्म मानववाद' जैसा महान दर्शन दिया, जो व्यक्ति के शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के समग्र विकास की बात करता है। उनका स्पष्ट मानना था कि जब तक समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़ा व्यक्ति (अंत्योदय) मुख्यधारा से नहीं जुड़ता, तब तक राष्ट्र का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। आज के कार्यकर्ताओं को उनके विचारों को केवल नारों तक सीमित न रखकर अपने आचरण और व्यवहार में उतारना चाहिए।सामाजिक कार्यकर्ता श्री पवन अग्रवाल जी ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित जी का दर्शन आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के समग्र उत्थान के लिए उनके सिद्धांत मार्गदर्शक हैं और हमें उन्हें जन–जन तक पहुँचाना चाहिए। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा पंडित जी ने राजनीति को सत्ता सुख का साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम बनाया। उनका जीवन त्याग, तपस्या और सादगी का संगम था। उन्होंने राष्ट्रहित को हमेशा सर्वोपरि रखा और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को राजनीति में पुनर्स्थापित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी का जीवन दर्शन प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का अटूट स्रोत है। एकात्म मानववाद केवल एक राजनीतिक विचारधारा नहीं, बल्कि एक ऐसा जीवन दर्शन है जो समाज के हर वर्ग के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करता है। इस अवसर पर जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा धीरेन्द्र मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक राजेश तिवारी और पूर्व मेयर रामपाल, प्रमोद मित्तल, अक्षय अरोरा, मोर सिंह, सुरेंदर चौधरी, डीएन यादव,सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आलीशान गेट के सामने बदहाल सड़कें दे रही हैं बड़े हादसों को दावत

## लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से आदित्य चौक पर बने गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए बने काल

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा के आदित्य चौक पर विधायक निधि से एक भव्य और आलीशान गेट बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन इस गेट की खूबसूरती को लोक निर्माण विभाग की बदहाल सड़कें मुंह चिढ़ा रही हैं। इस आलीशान गेट के ठीक सामने जब वाहन चालक हल्द्वानी, बरेली या किच्छा की ओर बढ़ते हैं, तो गेट के सामने ही सड़कों पर बने बेतहाशा गड्ढे मौत को दावत देते नजर आते हैं। हालात इस कदर खराब हो चुके हैं कि यहां से गुजरने वाले भारी वाहन कभी भी झोंके खाकर पलट सकते हैं, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है।हैरानी की बात यह है कि लोक निर्माण विभाग की इस खस्ताहाल सड़क से किच्छा के कई विभागों के वरिष्ठ और प्रशासनिक अधिकारी रोजाना गुजरते हैं, लेकिन इन जानलेवा गड्ढों पर किसी भी अधिकारी की नजर नहीं पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में भी इन्हीं गड्ढों के कारण कई दुपहिया वाहन चालकों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी रवि नागपाल की भी ठीक इसी जगह पर गड्ढों की वजह से दर्दनाक मौत हो गई थी, जिसके बाद व्यापारियों ने उग्र आंदोलन और धरने का ऐलान किया था। उस समय विभाग की कुंभकर्णी नींद टूटी और आनन-फानन में गड्ढों को भरकर डामरीकरण किया गया था, लेकिन वह कार्य महज खानापूर्ति साबित हुआ। अब वह डामरीकरण पूरी तरह उखड़ चुका है और पिछले ढाई-तीन माह से ये गड्ढे फिर से अपनी बदहाली की कहानी कह रहे हैं।हाल ही में बीते मंगलवार को भी आदित्य चौक के पास एनएच-74 पर एक सड़क हादसे में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसमें पत्नी की मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी कार्यालय के सम्मुख धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का संज्ञान लेते हुए पुलिस प्रशासन, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण तो किया, लेकिन गड्ढों को भरने या हादसों को रोकने के लिए कोई ठोस आश्वासन देने से बचते नजर आए। वर्तमान में इस मार्ग से रुद्रपुर, बरेली और हल्द्वानी के लिए भारी वाहनों के साथ-साथ दुपहिया, चौपहिया वाहन और ई-रिक्शा चालकों का भारी दबाव रहता है। सड़कों के रखरखाव की अनदेखी के चलते अब यह जगह जान गंवाने के लिए काफी है, लेकिन इन गड्ढों को कब भरा जाएगा, यह कह पाना फिलहाल मुश्किल नजर आ रहा है।



# रुद्रपुर के मोहित चोपड़ा ने पेश की भाईचारे की मिसाल

गदरपुर/रुद्रपुर। समाज में बढ़ती दूरियों और नफरत भरे माहौल के बीच उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी मोहित चोपड़ा ने इंसानियत और भाईचारे की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसने लोगों के दिलों में नई उम्मीद जगाई है। हिंदू-मुस्लिम एकता और मानवीय मूल्यों के समर्थन में उनकी निडर आवाज को सम्मान देते हुए गदरपुर के युवा समाजसेवियों सलीम बाबा, शाकिर अली और फैजान खान ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। इस दौरान गदरपुर के फैजान खान ने कहा कि आज समाज को ऐसे लोगों की सबसे ज्यादा जरूरत है, जो धर्म और जाति से ऊपर उठकर इंसानियत की बात करें। उन्होंने कहा कि मोहित चोपड़ा का संदेश युवाओं को सकारात्मक दिशा देता है। वहीं शाकिर अली ने अपने संबोधन में कहा कि नफरत फैलाना आसान है, लेकिन मोहब्बत और भाईचारे का रास्ता चुनना साहस का काम है। उन्होंने कहा कि मोहित चोपड़ा ने अपने कार्यों और विचारों से यह साबित किया है कि सच्ची ताकत इंसानियत में होती है, न कि विभाजन में। सलीम बाबा ने कहा कि हमारा क्षेत्र हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल रहा है और इस परंपरा को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास समाज को जोड़ते हैं और आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा देते हैं।सम्मान प्राप्त करने के बाद मोहित चोपड़ा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम, भाईचारा और एकता का संदेश फैलाना ही उनका उद्देश्य है और वे आगे भी इसी दिशा में कार्य करते रहेंगे।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने आपसी सौहार्द बनाए रखने और समाज में सकारात्मक माहौल बनाने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल सम्मान समारोह रहा, बल्कि भाईचारे और एकता का मजबूत संदेश देने वाला प्रेरणादायक अवसर भी साबित हुआ। इस दौरान सय्यद बिलाल अली, फहीम इदरीसी, नूर हसन, जविंदर सिंह मौजूद रहे।



# स्कूली बच्चों को बांटी स्वच्छता किट

किच्छा (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वास्थ्य एवं जीवन स्तर को ऊँचा उठाने तथा उनके ड्रीम प्रोजेक्ट 'स्वच्छ भारत अभियान' को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने डेटॉल इण्डिया के स्टेट हेड संजय सिंह के सहयोग से राजकीय प्राथमिक विद्यालय किशनपुर में छात्र-छात्राओं को स्वच्छता किट एवं अन्य उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बचपन से ही स्वच्छता के प्रति सजग करना और उन्हें कीटाणुओं से होने वाली बीमारियों से बचाना है।वितरण कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने उपस्थित बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में स्वच्छता की आदतों को विकसित करना और कीटाणुओं से बचाव के प्रति जागरूकता फैलाना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास बच्चों के भीतर स्वच्छता की एक नई संस्कृति विकसित करना है, ताकि वे न केवल स्वयं को साफ रखें बल्कि अपने आसपास के परिवेश को भी स्वच्छ बनाए रखने में योगदान दें। इसी कड़ी में सभी बच्चों को साबुन, हार्पिक, पर्यावरण फ्रेंडली डायरी व पेन सहित विभिन्न स्वच्छता सामग्री वितरित की गई। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे इन सामग्रियों का दैनिक जीवन में अनिवार्य रूप से उपयोग करें।डेटॉल इण्डिया के स्टेट हेड संजय सिंह ने भी तकनीकी रूप से स्वच्छता के महत्व को समझाया और बच्चों को हाथ धोने के सही तरीकों के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकगणों के साथ-साथ ब्रह्मानंद पुरोहित, धनंजय सिंह, विशाल चौहान, नवीन सिंह, करन गंगवार, कमलेश दुबे सहित तमाम गणमान्य व्यक्ति और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने इस पुनीत कार्य के लिए संजीव कुमार सिंह और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।



## पेज एक का शेष...

**धामी कैबिनेट ने ...**पदों के साथ-साथ असिस्टेंट डायरेक्टर के 11 पद, लेवल-12 के 6 पद और एडिशनल डायरेक्टर लेवल-13 का एक पद सृजित किया गया है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में प्रशासनिक दक्षता आएगी। नशा मुक्त उत्तराखंड के संकल्प को मजबूती देते हुए कैबिनेट ने वर्ष 2022 में गठित 'एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स' के लिए अलग से 22 नए पदों के सृजन को स्वीकृति दी है। ये सभी पद मुख्यालय स्तर के होंगे, जिसमें पुलिस उपाधीक्षक का एक पद भी शामिल है। इससे नशे के कारोबारियों के खिलाफ राज्य स्तर पर फोर्स अधिक सशक्त होकर कार्य कर सकेगी। साथ ही, कारागार एक्ट 2024 में 'हैब्युचल ऑफेंडर' (आदतन अपराधी) की परिभाषा में संशोधन करते हुए केंद्र सरकार के मानकों को अपनाया गया है, जिससे बार-बार अपराध करने वालों पर पूर्व के सख्त कानूनों के तहत शिकंजा कसा जा सकेगा। वन विभाग में कार्यरत दैनिक श्रमिकों के लिए भी कैबिनेट ने बड़ा तोहफा दिया है। विभाग के कुल 893 दैनिक श्रमिकों में से 314 को पहले ही न्यूनतम वेतन मिल रहा था, अब शेष 579 श्रमिकों को भी 18 हजार रुपये प्रतिमाह न्यूनतम वेतनमान देने की मंजूरी दे दी गई है। इसके अतिरिक्त, कृषि विभाग के तहत 'प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना' की अवधि को देखते हुए प्रदेश में संचालित 'मुख्यमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना' को भी वर्ष 2025-26 तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है, ताकि स्थानीय उद्यमियों को सरकारी सहायता निरंतर मिलती रहे।

**गैस एजेंसी स्वामी को ...**कि माँ ने दोनों बेटों को संपत्ति से बेदखल कर रखा था। पुलिस अब इसी एंगल को केंद्र में रखकर जांच को आगे बढ़ा रही है।राजधानी में पिछले दो हफ्तों के भीतर यह चौथा मर्डर है, जिसने पुलिस की सक्रियता पर सवालिया निशान लगा दिया है। इससे पहले 29 जनवरी को विकासनगर में छात्रा, 31 जनवरी को ऋषिकेश में महिला और 2 फरवरी को मच्छी बाजार में युवती की हत्या हो चुकी है। एसएसपी देहरादून ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए पूरे जनपद में नाकाबंदी कर दी गई है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं और पुलिस का दावा है कि जल्द ही साजिश का पर्दाफाश कर लिया जाएगा।

**कार और बाइक की ...**की पहचान जगदीशपुर निवासी सुरंजन विश्वास (27), काली नगर निवासी नेहा हालदार (23) और श्रीरामपुर निवासी देव सरकार (23) के रूप में हुई है। चिकित्सकों के अनुसार, नेहा हालदार और सुरंजन विश्वास की हालत अत्यंत नाजुक है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। वहीं, तीसरे घायल देव सरकार का उपचार स्थानीय स्तर पर चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ग्न्ट कार की रफ्तार बहुत अधिक थी और चालक ने लापरवाही से ओवरटेक करने की कोशिश की, जिससे यह हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद चालक कार समेत मौके से फरार होने में कामयाब रहा। थानाध्यक्ष रवींद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि घायलों को उपचार दिलाने के साथ ही फरार कार चालक की तलाश के लिए क्षेत्र में घेराबंदी की गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**भालू के हमले ..**लोग भी मौके की ओर दौड़े, जिसके बाद भालू जगत सिंह को अधमरा छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला।खून से लथपथ जगत सिंह को ग्रामीणों ने आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र त्यूणी पहुँचाया। अस्पताल के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह राणा ने बताया कि भालू के हमले से जगत सिंह के चेहरे, सिर और गर्दन पर नाखूनों के गहरे जख्म हैं। अत्यधिक रक्तस्राव और गंभीर चोटों को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जंगली जानवरों की बढ़ती धमक से अब जंगल जाना भी जोखिम भरा हो गया है, जिस पर शासन-प्रशासन को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

**संपत्ति विवाद के ...**लेते हुए दोनों पक्षों को बुलाकर सूझबूझ के साथ विवादों का निपटारा कर दिया। मंडी चौकी इंचार्ज ने धोखाधड़ी के मामलों को लेकर सख्त लहजे में ताकीद किया है कि यदि क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति द्वारा इस तरह के मामलों में संलिप्तता पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**कांवड़ मार्गों से ...**के प्रखंड मंत्री सुदेव दास गुप्ता ने महापौर को अवगत कराया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर हजारों श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लेकर रुद्रपुर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हैं। कांवड़ की पवित्रता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, लेकिन मुख्य मार्गों पर जगह-जगह मांस और मछली की दुकानें खुली रहने से कांवड़ खंडित होने की प्रबल आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में कई बार अनावश्यक विवाद और शांति भंग होने का खतरा भी उत्पन्न हो जाता है, जिससे बचने के लिए प्रशासन को समय रहते उचित कदम उठाने चाहिए। ज्ञापन में विशेष रूप से 13 फरवरी से 16 फरवरी तक कांवड़ मार्गों पर स्थित मांस-मछली की दुकानों को बंद रखने के आदेश पारित करने की मांग की गई है। साथ ही, ऊधम सिंह नगर जनपद के सभी मुख्य मार्गों पर शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए समुचित पुलिस बल तैनात करने और रास्तों पर जमा गंदगी को साफ करने का भी निवेदन किया गया है। विहिप कार्यकर्ताओं ने जोर देते हुए कहा कि आस्था के इस महापर्व पर किसी भी प्रकार की अराजक स्थिति उत्पन्न न हो, यह सुनिश्चित करना नगर निगम और प्रशासन की जिम्मेदारी है। महापौर विकास शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जनभावनाओं और पर्व की पवित्रता का पूरा सम्मान किया जाएगा और इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

**उधार सिगरेट ...**निखिल नाम के युवक ने पीछे से एक ग्राहक के सिर पर लोहे की भारी रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। हालात बेकाबू होते देख संचालिका ने अपनी और ग्राहकों की जान बचाने के लिए सबको कैफे के भीतर बंद कर लिया और पुलिस को सूचना दी। आरोपी जाते-जाते शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।पीड़िता ने अपनी शिकायत में निखिल, सुरजीत, सूरज और लक्ष्मीचंद सहित 8 से 10 अज्ञात युवकों को नामजद किया है। अंजली का कहना है कि ये युवक आए दिन शराब पीकर कैफे में हंगामा करते हैं और उधार न देने पर जान-माल की धमकी देते हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से उनकी धरपकड़ के प्रयास किए जा रहे हैं।

**पैत्रिक संपत्ति पर ...**उनके द्वारा बाद में निरस्त करा दिया गया। श्री बत्रा के साथ अधिवक्ता कुलवीर सिंह ढिल्लो ने न्यायालय द्वारा इस मामले में पूर्व में दिए गए कई निर्णयों का दस्तावेज दिखाकर हवाला भी दिया। उन्होंने बताया कि विपक्षी द्वारा न्यायालय के दिए गये पूर्व आदेशों को फर्जी बताना न्यायालय का अपमान है। श्री बत्रा व श्री ढिल्लो ने कहा कि वह संविधान एवं न्यायपालिका का पूरा सम्मान करते है। न्यायालय द्वारा इस मामलें में जो भी निर्णय दिया जाऐगा स्वीकार होगा। उन्होंने इस मामले में विपक्षी पर लेनदेन में धोखाधड़ी का भी आरोप लगाया । गौरतलब है कि विपक्षी बलविन्दर सिंह बल्लू द्वारा भी पत्रकार वार्ता आयोजित कर भवन पर अपना कानूनी अधिकार बताया गया था।

# हरीनगर से सेरुवा-सीमाला मोटर मार्ग के लिए आठ करोड़ छह लाख स्वीकृत

भीमताल (उद संवाददाता)। भीमताल ब्लॉक की ग्राम सभा जगलियागांव के हरीनगर से सेरुवा-सीमाला तक मोटर मार्ग निर्माण और डामरीकरण के लिए आठ करोड़ छह लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत हो गई है। विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया कि इस क्षेत्र में सड़क मार्ग न होने के कारण ग्रामीणों को लंबे समय से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विशेषकर किसानों को अपना उत्पाद हल्द्वानी मंडी तक पहुंचाने के लिए पांच से छह किलोमीटर की दूरी तय कर मुख्य सड़क तक आना पड़ता था। सड़क के अभाव में मरीजों को डोली के सहारे मुख्य मार्ग तक लाना ग्रामीणों की मजबूरी बनी हुई थी।ग्रामीणों की इस समस्या को देखते हुए विधायक राम सिंह कैड़ा ने पीएमजीएसवाई फेस 4 के अंतर्गत उक्त मोटर मार्ग के निर्माण और डामरीकरण का प्रस्ताव भेजा था। स्वीकृति मिलने के साथ ही अब इसकी टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। विधायक ने कहा कि जल्द ही मोटर मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा और निर्माण पूर्ण होते ही डामरीकरण का कार्य भी किया जाएगा। सड़क बनने से स्थानीय किसानों और ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। विधायक कैड़ा ने इस विकास कार्य के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सांसद अजय भट्ट का आभार व्यक्त किया है।


## सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधाारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र धर्मवीर गलत संगत में पड़ गया है। वह परिवार के साथ आये दिन अभद्र व्यवहार करता है। धर्मवीर के गलत व्यवहार से दुखी और परेशान होकर मैंने उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया और उससे सारे रिश्ते नाते समाप्त कर लिये है। भविष्य में धर्मवीर अपने हर अच्छे बुरे कार्य लेन-देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा।

जमुना प्रसाद पुत्र राम स्वरूप निवासी ठाकुर नगर वार्ड नं.-10, ट्रांजिट कैम्प, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड



## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम केशव कुमार शर्मा (KESHAV KUMAR SHARMA) से बदलकर अब केशव शर्मा (KESHAV SHARMA) कर लिया है। अतः अब से भविष्य में मुझे केशव शर्मा पुत्र श्री ऋषि राज शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाये।

वर्तमान पता-हाउस नं0-15 फ्रेण्ड्स कालोनी, माल गोदाम के पास रुद्रपुर उधम सिंह नगर



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com, www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# ग्राहकों के लाखों के गहने और नगदी लेकर ज्वैलर्स हुआ फरार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लामाचौड़ क्षेत्र मे ज्वैलरी का कारोबार एक ज्वैलर ज्वैलरी बनाने के नाम पर ग्राहकों के रखे लाखों रुपये के सोने के गहने और नकदी लेने के बाद फरार हो गया। बताया जा रहा है कि आरोपी ज्वेलर करीब 228.3 ग्राम सोना और भारी नकदी लेकर गायब हो गया है। गौरतलब हो कि इस मामले में ज्वेलर की पत्नी ने पहले ही अपने पति की मुखानी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पीड़ित ग्राहकों ने एसएसपी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। मंगलवार को क्षेत्र की कई महिलाओं ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर मां भगवती ज्वैलर्स के संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। महिलाओं ने आरोप लगाया कि सोमवार को जब वे शिकायत लेकर मुखानी थाने पहुंचीं, तो थानाध्यक्ष ने उनकी बात नहीं सुनी। पीड़ितों के अनुसार लामाचौड़ में स्थित मां भगवती ज्वैलर्स का संचालन नरेंद्र सिंह रावत और उनकी पत्नी पूजा रावत, निवासी ग्राम मोड़ी, ताड़ीखेत (अल्मोड़ा) द्वारा किया जा रहा था। नरेंद्र रावत कई वर्षों से लामाचौड़ में रह रहा था और इलाके के लोगों से नए गहने बनाने, पुराने जेवर ठीक करने और सुरक्षित रखने के नाम पर सोना और नकदी लेता रहा। बताया जा रहा है कि छह फरवरी को ज्वेलर अचानक दुकान बद कर लापता हो गया। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में सात लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित पूरन सिंह बोहरा ने बताया कि उन्होंने 40.550 ग्राम सोने के गहने और 100 ग्राम का सिक्का ज्वेलर को दिया था। बसंती देवी ने 21.280 ग्राम सोना, 50 हजार रुपये नगद और 50 हजार रुपये ऑनलाइन दिए थे। पुष्पा कन्याल ने 20 ग्राम सोना और 1.85 लाख रुपये नकद दिए। हेमलता दानू ने 26.4 ग्राम सोना, 27 हजार रुपये नकद और 48 हजार रुपये ऑनलाइन जमा कराए थे। पीड़ितों ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उनकी संपत्ति और रकम वापस दिलाने की मांग की है। एसएसपी ने उनकी शिकायत सुनकर मुखानी थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



# तहसीलदार के नाम पर रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल

## विधायक चौहान को निजी भवन में बिखरे मिले रिकॉर्ड

जसपुर (उद संवाददाता)। यहाँ तहसीलदार के नाम पर एक व्यक्ति द्वारा रिश्वत मांगे जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। इसकी जानकारी मिलने के बाद जसपुर विधायक आदेश चौहान ने मामले को काफी गंभीरता से लिया। जिसके बाद उन्होंने तहसील परिसर के बाहर लेखपालों द्वारा किराये पर लिए गए निजी मकान पर पहुंचकर हंगामा किया और मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की। उत्तरांचल दर्पण समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो वायरल होने पर मंगलवार को विधायक आदेश चौहान कार्यकर्ताओं को साथ लेकर तहसील के बाहर स्थित एक निजी मकान में पहुंचे, जहां लेखपाल और कानूनगो सरकारी कार्य करते मिले। विधायक श्री चौहान को आता देख वहां पर मौजूद कुछ लोग वहां से निकल गए। जो सभी लेखपालों के निजी सहकर्मी बताए जा रहे हैं। विधायक ने भवन में मौजूद लोगों को वायरल हुआ वीडियो दिखाकर तहसीलदार के नाम पर रकम मांगने वाले व्यक्ति के बारे में जानकारी चाही। लेकिन मौजूद लोगों से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। इसके बाद विधायक ने तहसीलदार दलीप सिंह को मौके पर बुलाया और वीडियो दिखाते हुए आरोप लगाया कि किसी लेखपाल के लिए काम करने वाला निजी सहकर्मी युवक तहसीलदार के नाम पर रिश्वत मांग रहा है। विधायक ने निजी मकान में सरकारी रिकॉर्ड रखे जाने, दस्तावेजों के बिखरे होने तथा वहां शराब की खाली बोतलें मिलने पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि रिकॉर्ड गायब हो गया तो जिम्मेदारी किसकी होगी। विधायक ने सभी कानूनगो और लेखपालों को ईमानदारी से काम करने तथा नागरिकों को अनावश्यक परेशान न करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि वीडियो में युवक 20 हजार रुपये लेने के बाद और रकम तहसीलदार के नाम पर मांग रहा है। तहसीलदार दलीप सिंह ने बताया कि वायरल हुए वीडियो की जांच कराई जा रही है। राजस्व कर्मियों को आरोपी युवक की पहचान कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। नाम पता सामने आने के बाद संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकरण में कुछ लोग तहसीलदार की भूमिका पर भी उंगली उठा रहे हैं।



# नजीमाबाद में फुलसुंगी के शिवभक्तों ने सजाया विशाल भंडारा

रूद्रपुर/नजीबाबाद (उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटने वाले शिवभक्त कांवड़ियों का उत्साह चरम पर है। सड़कों पर केसरिया रंग की छटा बिखरी हुई है और कांवड़ियों की सेवा के लिए जगह-जगह शिविर व भंडारे आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रूद्रपुर के वार्ड नंबर एक, फुलसुंगी के समाजसेवियों द्वारा नजीबाबाद स्थित नगीना रोड, भोनावाला के श्री शिवनाग देवता मंदिर में 12वें विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय इस सेवा शिविर में कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ रही है, जहाँ श्रद्धा और सेवा का अनुपम संगम देखने को मिल रहा है। बता दें फुलसुंगी के शिवभक्त पिछले 12 वर्षों से अपनी परंपरा को कायम रखते हुए नजीबाबाद में इस विशाल भंडारे का आयोजन कर रहे हैं। समाजसेवी श्रवण कालड़ा ने बताया कि यह भंडारा 12 फरवरी तक अनवरत चलेगा। शिविर में कांवड़ियों के लिए केवल भोजन ही नहीं, बल्कि शुद्ध पेयजल, जलपान और रात्रि विश्राम की भी उत्तम व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि भोले नाथ के आशीर्वाद से भविष्य में भी यह सेवा इसी ऊर्जा के साथ जारी रहेगी। शिविर में पहुँचने वाले कांवड़िये भोले नाथ के भजनों पर झूमते और बम-भोले के जयकारे लगाते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भंडारे के दौरान लोगों ने फुलसुंगा के शिवभक्तों की इस सेवा भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों की सेवा करना पुण्य का कार्य है और फुलसुंगी के युवा व समाजसेवी इस जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। भंडारे में फुलसुंगी के सेवादारों ने पूरी श्रद्धा के साथ कांवड़ियों का स्वागत-सत्कार किया और उन्हें भोजन परोसा।इस पुनीत कार्य में गुलशन पंडित ,अमित अरोरा, श्रवण कालड़ा,हर्षित कालड़ा,लक्की कालड़ा,संजीव गुंबर,अभिषेक छाबड़ा (हैप्पी) ,अरुण खुराना, राजकुमार नारंग,महिपाल, प्रदीप , अजय अनेजा महंत जी शिव कावर संघ फुलसुंगी, अरविंद गुंबर, (आशु), विशु गुंबर,राहुल छाबड़ा, रमन नारंग, मुकुल नारंग,दीपक छाबड़ा,विशु छाबड़ा ,अमन ठुकराल, अरुण खुराना,अनुज छाबड़ा, लवी बांगा, नोनी छाबड़ा, रजत खुराना, राहुल बांगा, अनमोल खुराना, विशाल खुराना,मनोज सुदामा, योगेश वाधवा,सहित फुलसुंगी के तमाम शिवभक्त और कार्यकर्ता तन-मन-धन से जुटे हुए हैं।










# रूद्रपुर से खाटू श्याम के लिए पैदल रवाना हुई निशान यात्रा

रूद्रपुर। गल्ला मंडी स्थित श्री श्याम मंदिर से श्याम बाबा के भक्त राकेश शर्मा के नेतृत्व में श्याम प्रेमियों का एक जत्था निशान यात्रा लेकर राजस्थान के प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर के लिए पैदल रवाना हुआ। धार्मिक आस्था और श्रद्धा से ओत-प्रोत इस यात्रा के शुरू होने के मौके पर बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए।निशान यात्रा में शामिल भक्तों को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने माल्यार्पण कर विधिवत रूप से रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की धार्मिक यात्राएं समाज में आपसी भाईचारे, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की।निशान यात्रा का नेतृत्व कर रहे श्याम प्रेमी राकेश शर्मा ने बताया कि यह पैदल यात्रा रूद्रपुर से प्रारंभ होकर 18 दिनों में राजस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान भक्त श्याम बाबा के जयकारों के साथ भक्ति भाव में लीन रहेंगे और विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होते जाएंगे।इस निशान यात्रा में काशीपुर से आशीष तथा पीलीभीत से सुरेंद्र गंगवार भी श्रद्धालुओं के साथ रवाना हुए। यात्रा को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, ताराचंद अग्रवाल, नरेंद्र बंसल, प्रमोद मित्तल, विनीत जैन, कमल अरोड़ा, सचिन अग्रवाल, अजय बंसल, संजय ठुकराल, राजेंद्र गुप्ता, हरीश अरोड़ा, मानस दुनेजा, मोहित जैन, श्रीओम अग्रवाल, बिट्टू अरोड़ा, ललित बिष्ट सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे और उन्होंने यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देकर विदा किया।



# क्षेत्र की खुशहाली को श्री सुंदरकांड पाठ का क्रम जारी

किच्छा। किच्छा विधानसभा क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी द्वारा किए गए 108 सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ के संकल्प के अंतर्गत 10 फरवरी, मंगलवार को पंतनगर के फूलबाग सेंटर स्थित श्री शिव मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं भजन-कीर्तन का एक और धार्मिक आयोजन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में पहुंचकर विधिवत सुंदरकांड पाठ में सहभागिता की और क्षेत्र की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धालुओं के सामूहिक पाठ और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। जय श्रीराम के उद्घोष से मंदिर परिसर गूंजता रहा, जिससे आसपास का क्षेत्र भी भक्तिरस में डूबा नजर आया। श्री तिवारी ने बताया कि इस धार्मिक क्रम को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा और तय कार्यक्रम के तहत पंतनगरख्रकिच्छा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर मंगलवार को सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाता रहेगा। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और धार्मिक चेतना को मजबूत करने वाला कदम बताया।

